मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

जौनपुर संस्करण
मुंबई
वर्षः 7 अंक 167
बूधवार, 01 जनवारी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-8
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## मणिपुर हिंसा के लिए सीएम बीरेन सिंह ने मांगी माफी, कहा यह साल खराब रहा



नई दिल्ली, 31 दिसंबर। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य में पिछले एक साल से जारी हिंसा के लिए माफी मांगी है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आने वाले साल में राज्य में शांति बहाल होगी।

बीरेन सिंह ने कहा, 'ये पूरा साल काफी दुर्भाग्यपूर्ण रहा। 3 मई के बाद से राज्य में जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए मैं राज्य के लोगों से माफी मांगना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया। कई ने घर छोड़ दिया। मुझे इस बात का दुख है। मैं माफी मांगता हूं।'

'लेकिन अब, बीते तीन-चार महीने से शांति की दिशा में जो प्रगति हो रही है, मुझे भरोसा है कि 2025 में राज्य में अमन चैन वापस लौटेगा। मैं राज्य के सभी समुदाय से अपील करना चाहता हूं कि अब तक जो हुआ, वो हुआ। आपको पिछली गलतियों को भूलना और माफ करना होगा। हमें शांत और संपन्न मणिपुर की ओर नई जिंदगी शुरू करनी होगी।'

मणिपुर में एक साल से भी ज्यादा वक्त से जारी हिंसा में अब तक करीब 180 लोगों की जान चली गई। विवाद तब शुरू हुआ, जब मैतेई समुदाय ने एसटी पहचा की मांग की और कुकी समुदाय ने इसका विरोध किया।

मणिपुरी की आबादी में करीब 53 फीसदी लोग मैतेई समुदाय से आते है। इनमें से ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। जबकि नागा और कुकी की आबादी करीब 40 फीसदी है। ये समुदाय पहाड़ों पर रहता है।

बीते शुक्रवार को इंफाल ईस्ट जिले में दो गांवों में बंदूक और बम से हमला किया गया था। इसमें कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी इलाकों से हथियारबंद लोगों ने सनसाबी गांव और आस-पास के इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी और बम फेंकना शुरू कर दिया।

सोमवार को मणिपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया था कि प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो आतंकवादियों को जबरन वसूली में उनकी कथित संलिप्तता के लिए मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और 12 मांग पत्र भी जब्त किए गए हैं।

### नए साल के पहले दिन दुनिया की आबादी भी बनाएगी रिकॉर्ड

न्यूयार्क, 31 दिसंबर। वर्ष 2024 में दुनिया की जनसंख्या में 7.10 करोड़ की बढ़ोतरी देखने को मिली और नए साल के पहले दिन आबादी का आंकड़ा 809 करोड़ हो जाएगा। यूएस सेंसस ब्यूरो द्वारा सोमवार को जारी अनुमान की मानें तो 2024 में आबादी में हुई 0.9 प्रतिशत की वृद्धि 2023 की 7.50 करोड़ बढ़ोतरी की तुलना में थोड़ी कम है। अनुमान के मुताबिक, जनवरी 2025 में दुनियाभर में प्रति सेकेंड 4.2 जन्म और 2.0 मौतें होने की संभावना है। 2024 में अमेरिका की आबादी में 26 लाख की बढ़ोतरी हुई और नए साल के पहले दिन अमेरिका की आबादी 34.1 करोड़ हो जाएगी।

## महाकुंभ का शाही स्नान अब अमृत स्नान के नाम से जाना जाएगा, सीएम योगी ने प्रयागराज में की घोषणा



**प्रयागराज/नई दिल्ली, 31 दिसंबर।** सीएम योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने नैनी स्थित बायो सीएनजी प्लांट का अनावरण किया एवं फाफामऊ स्थित स्टील ब्रिज का शुभारंभ किया। इसके बाद महाकुंभ कार्यों का निरीक्षण किया। घाटों की स्थिति देखी और गंगाजल का आचमन भी किया ।

बड़े हनुमान मंदिर में मत्था टेकने के बाद मेला प्राधिकरण के सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने बहुत समय से संतों द्वारा शाही स्नान के नए नामकरण की मांग का स्मरण कराया । साथ ही घोषणा कि महाकुंभ में शाही स्नान अब अमृत स्नान के नाम से जाने जाएंगे।

बैठक के दौरान कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने महाकुंभ के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 200 सड़कों का कार्य पूरा हुआ है। इसमें फ्लाईओवर के कार्य भी शामिल हैं। शहर और बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन पर होल्डिंग एरिया बनाने का काम पूरा हो चुका है।

मेला क्षेत्र में दो से तीन किलोमीटर पर पार्किंग का कार्य किया गया है,पांटून ब्रिज 30 की संख्या में बनाए गए हैं, 28 पूरी तरह से तैयार हैं। 12 किलोमीटर का अस्थाई घाट भी बनकर तैयार है, चकर्ड प्लेट 530 किलोमीटर के दायरे में बिछाई जा चुकी है। शुद्ध पेयजल की लाइन बिछाई जा चुकी हैं। सात हजार से अधिक संस्थाएं आ चुकी हैं और डेढ़ लाख से अधिक टेंट लगाए जा रहे हैं।




## पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों के अटैक में दो पुलिसकर्मियों की मौत



पेशावर, 31 दिसंबर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में अज्ञात हमलावरों द्वारा किए गए अटैक में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। यह हमला दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से सटे दरबान कलां में हुआ। घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात हमलावर भागले में कामयाब हो गए। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान से अलग हुए समूह दरबान इलाके में काफी सक्रिय हैं और अक्सर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शाम के समय अक्सर तालिबान जिले की सड़कों पर कब्जा कर लेता है और वाहनों की चेकिंग शुरू कर देता है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने 2024 में खैबर पख्तूनख्वा में 270 आतंकियों को मार गिराया। इसमें कई बड़े उग्रवादी भी थे, जिन पर इनाम घोषित था। प्रांतीय पुलिस विभाग द्वारा जारी आकंड़ों के मुताबिक, आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान 802 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही कंविक्शन रेट भी 13 फीसदी से बढ़कर 38 हो गया है। वहीं सुरक्षा बलों के खिलाफ हमले भी बढ़े हैं। इस साल 149 पुलिसकर्मियों को मार डाला गया, जबकि 232 घायल हो गए। अफगानिस्तान से सटे इलाकों में पाकिस्तानी सेना और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है। अफगानिस्तानी मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले पर टीटीपी ने कब्जा कर लिया है। दरअसल अफगानिस्तान में टीटीपी के शिविरों को पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों द्वारा निशाना बनाया गया था। तब से ही टीटीपी ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी के लड़ाकों ने सीमा पार करने का भी प्रयास किया।

## बांग्लादेश में शरीया कानून लागू करने की तैयारी? शहीद मीनार पर जुटेंगे 30 लाख लोग

नई दिल्ली, 31 दिसंबर। बांग्लादेश में जिस छात्र आंदोलन ने शेख हसीना को सत्ता से उखाड़ फेंका था, वह एक बार फिर सक्रिय हो रहा है। आज राजधानी ढाका के शहीद मीनार पर छात्र नेता इकट्ठा होने जा रहे हैं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी ने इस कार्यक्रम का जमकर प्रचार किया है। कहा जा रहा है कि शहीद मीनार पर करीब 30 लाख लोग जुटेंगे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भी छात्र नेताओं के आगे नतमस्तक हो गई है। दरअसल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से यह कहा गया कि सरकार 'जुलाई क्रांति' का एलान करने का जा रही है। जिसे राजनीतिक दलों और छात्रों की मदद से तैयार किया जाएगा। लेकिन यह खबर आते ही छात्र नेता एक्टिव हो गए। उन्होंने कहा कि जुलाई क्रांति का एलान उनकी तरफ से किया जाएगा। शहीद मीनार पर होने वाली रैली में इसकी घोषणा की बात कही गई। छात्र नेताओं के एलान के बाद ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हाथ खड़े कर दिए और कहा कि सरकार की तरफ से ऐसी कोई तैयारी नहीं है। जुलाई-अगस्त के विद्रोह में छात्रों और जनता की भागीदारी के माध्यम से, फासीवादी व्यवस्था को खत्म करने और एक नई राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करने की प्रेरणा जगी, जिससे ऐतिहासिक संदर्भ में एक नए बांग्लादेश का जन्म हुआ। दरअसल छात्र नेता बांग्लादेश के संविधान में बदलाव करना चाहते हैं। दावा है कि उनकी पहली कोशिश बांग्लादेश का नाम बदलने की है। इसके अलावा बांग्लादेश में सुन्नत और शरीया को भी लागू किया जा सकता है। वहीं बांग्लादेश की सत्ता पर पूरी तरह से काबिज होने के लिए राष्ट्रपति और आर्मी चीफ से जबरन इस्तीफा लिया जा सकता है। मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश का राष्ट्रपति बनाए जाने की भी चर्चा है। छात्रों का कहना है कि वह बांग्लादेश में नया संविधान लाना चाहते हैं। उन्होंने 1972 में तैयार किए गए बांग्लादेश के संविधान को 'मुजीबिस्ट चार्टर बताते हुए कहा कि वह इसे पूरी तरह दफ्न कर देंगे।












# दिल्ली चुनावों पर रेवड़ी कल्चर का खतरनाक साया



-ललित गर्ग

दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मी उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी मतदाताओं को लुभाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव से पहले अब आम आदमी पार्टी ने एक ऐसी लुभावनी, मतदाताओं को आकर्षित करने की योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए महीने दिए जाएंगे। इस योजना का नाम पुजारी-ग्रंथी योजना है। मुस्लिम धर्म एवं उनके अनुयायियों को रिझाते-रिझाते एकदम से केजरीवाल को हिन्दू धर्म के पुजारी एवं सिख धर्म के ग्रंथी क्यों याद आ गये? विडम्बना है कि विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफों, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी ह्यरेवड़ी कल्चरह्न का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। ह्यफ्रीबीजह्न या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक पार्टियां राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है।

ह्यमुफ्त की सौगातह्न राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा? अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैं, लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप-शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है।

रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली में महिलाओं एवं किन्नरों को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा की घोषणाएं की गयी है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल करोड़ों रुपये तक का नुकसान हुआ है। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। लेकिन केजरीवाल ने ऐसी विकृत राजनीति को जन्म दिया है, जिसमें विकास पीछे छूट गया है। राजनीतिक दलों में ऐसी ह्नमुफ्त की संस्कृतिह्न की प्रतिस्पर्धा का परिणाम अनुसंधान एवं विकास व्यय, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यय और रक्षा व्यय में कमी के रूप में देखने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पिछले दस वर्षों में दिल्ली का विकास ठप्प है। हम दक्षिण कोरिया के रास्ते पर चलकर भविष्य में एक विकसित अर्थव्यवस्था बनेंगे या हमेशा एक ह्यविकासशील राष्ट्रह्न बने रहेंगे, यह हमारे द्वारा अभी चुने गए विकल्पों से निर्धारित होगा। ऐसी मुफ्त की सुविधा, सम्मान एवं लोकलुभावन की घोषणाओं से कहीं हम पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की तरह अपनी अर्थ-व्यवस्था को रसातल में न ले जाये?

आप सुप्रीमो ने केवल आप सरकारों बल्कि विपक्षी दलों को अपने राज्यों में पुजारियों-ग्रंथियों को सम्मान राशि देने जैसे परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि वे नई योजना में बाधा न डालें, ऐसा करके वे भगवान को क्रोधित करेंगे। भला राजनीतिक स्वार्थ की रोटियों के बीच भगवान कहां से आ गये? शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूत योजनाएं तो ठीक से चला नहीं पाते, अच्छे-भले सम्पन्न एवं निष्कंटक जीवन का निर्वाह करने वाले लोगों के लिये मुक्त की सुविधाएं कैसे कल्याणकारी हो सकती है? पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा की थी, क्या हुआ उस योजना का? दिल्ली में 250 से अधिक इमामों को 17 महीने से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है। मुफ्त बिजली एवं पानी देने की घोषणाएं भी ठण्डे बस्ते में चली गयी। ऐसी अनेक घोषणाएं हैं जो चुनावी मुद्दा तो बनती है, मतदाताओं को लुभाती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद धरती पर उतरती कभी नहीं। सभी राजनीतिक दलों की बड़ी लुभावनी घोषणाएं होती हैं, घोषणा पत्र होते हैं-जनता को पांच वर्षों में अमीर बना देंगे, हर हाथ को काम मिलेगा, सभी के लिए मकान होंगे, सड़कें, स्कूल-अस्पताल होंगे, बिजली और पानी, हर गांव तक बिजली पहुंचाई जायेगी, शिक्षा-चिकित्सा निःशुल्क होगी। ये राजनीतिक घोषणाएं पांच साल में अधूरी ही रहती है, फिर चुनाव की आहट के साथ रेवडियां बांटने का प्रयत्न किया जाता है, कितने ही पंचवर्षीय चुनाव हो गये और कितनी ही पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो गईं पर यह दुनिया का आठवां आश्चर्य है कि कोई भी लक्ष्य अपनी समग्रता के साथ प्राप्त नहीं हुआ।

खुशहाल देश और समाज वही माना जाता है, जहां लोग निजी उद्यम से अपने गुजर-बसर संबंधी सुविधाएं जुटाते हैं। खैरात पर जीने वाला समाज विपन्न ही माना जाता है। लोग भी यही चाहते हैं कि उन्हें कुछ करने को काम मिले। इसी से उन्हें संतोष मिलता है। मगर हकीकत यह है कि देश में नौकरियों की जगहें और रोजगार के नए अवसर लगातार कम होते गए हैं। सरकारों की तरफ से ऐसे अवसरों को बढ़ाने के व्यावहारिक प्रयास न होने की वजह देश एवं प्रांत समग्र एवं चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर नहीं हो पाते हैं। सरकारें अपनी इस नाकामी एवं कमजोरी पर पर्दा डालने के लिए मुफ्त सहायता देने की परंपरा विकसित कर ली है। चाहे वह मुफ्त राशन हो, बेरोजगारी भत्ता हो या फिर महिलाओं को वजीफा हो, मुक्त बिजली-पानी हो, मुफ्त चिकित्सा हो, मुफ्त यात्रा हो, पुजारियों, मौलवियों एवं ग्रंथियों को मुफ्त वेतन हो- इस मामले में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार पीछे नहीं है। अब तो इस मामले में जैसे एक-दूसरे को पछाड़ने की होड़-सी नजर आने लगी है। सवाल है कि सरकारें इस पहलू पर कब विचार करेंगी कि हर हाथ को काम मिले, रोजगार बढ़े, स्वरोजगार की स्थितियां बने। इस तरह देश साधन-सम्पन्न लोगों में मुफ्तखोरी की आदत डालना सही नहीं है। मुफ्तखोरी की राजनीतिक से लोकतंत्र को खतरा हो सकता है और इससे देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का भी खतरा है।

# मुफ्त की रेवड़ी बाँट कर सरकारें फंस रही है कर्ज के जाल में



अशोक भाटिया

दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी में हो सकते हैं और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चुनाव से पहले जनता को लुभाने के लिए कई बड़े गिफ्ट्स लेकर आए हैं। चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारी तेज कर दी है लेकिन केजरीवाल धड़ाधड़ बड़े बड़े ऐलान करते जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने दिल्लीवालों को खुश करने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। लंबे समय से दिल्ली की सत्ता संभालने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी आप के लिए यह विधानसभा चुनाव कई मायनो में खास है क्योंकि केजरीवाल हर हाल में अपनी जीत को बरकरार रखना चाहते हैं। केजरीवाल ने पिछले कुछ दिनों में पांच बड़ा ऐलान किया है। इसमें महिलाओं के लिए 2100 रुपये महीना, संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का फ्री इलाज, बुजर्गों के लिए पेंशन स्कीम, 24 घंटे दिल्लीवासियों को साफ पानी और पुजारियों और ग्रंथियों के लिए सैलरी का भी ऐलान शामिल है। केजरीवाल के इन वादों को आप के नेता मास्टरस्ट्रोक बता रहे हैं तो वहीं भाजपा इसको लेकर हमलावर है। भाजपा इन वादों को दिल्लीवालों के लिए धोखा बता रही है। भाजपा का कहना है कि केजरीवाल सिर्फ लोगों से झूठा वादा कर रहे हैं और करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल करके मुफ्त सुविधाएं (मुफ्त रेवड़ियां) दी जा रही हैं और यह देश को ‘दिवालियेपन’ की ओर धकेल सकती हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इसके पहले ही इस बात के लिए चेतावनी भी दे चुकी है ।

अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाले राज्यों को एक बार फिर चेतावनी दी है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में राज्यों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि कृषि ऋण माफी, मुफ्त बिजली एवं परिवहन जैसी छूट देने से सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के लिए उनके महत्वपूर्ण संसाधन खत्म हो सकते हैं।

कुछ समय पूर्व स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि मुफ्त का ह्यरेवड़ी कल्चरह्न देश के लिए बहुत घातक है। उन्होंने इस पर जोर दिया था कि देश के विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली सभी बातों से दूर रहने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री का इशारा चुनाव के समय राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को लुभाने के तरह-तरह के तरीकों की ओर था। अब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने इसी तरह की टिप्पणी की है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने कहा कि नीति आयोग, वित्त आयोग, सत्ताधारी दल और विपक्षी पार्टियों, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और अन्य संस्थाओं को भी इस मामले में सुझाव देने चाहिए कि आखिर इस ह्यरेवड़ी कल्चरह्न को कैसे रोका जा सकता है। सवाल है कि देश के चुने हुए सर्वोच्च प्रतिनिधि से लेकर सबसे बड़ी अदालत तक इस कल्चर से क्षुब्ध क्यों है? सामान्य तौर पर हम सीधे कह सकते हैं कि सरकारें मुफ्त का कुछ भी नहीं देतीं। हमारा-आपका दिया हुआ टैक्स ही सरकारों के खर्चे के काम आता है। उसका एक बड़ा हिस्सा देश के लोगों पर खर्च कर सरकारें गलत कहां करती हैं? आखिर लोक कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना भी तो यही है। हालांकि यहां थोड़ा रुककर समझने की जरूरत है। लोक कल्याण का अर्थ क्या लोगों को कर्तव्यहीन बना देना है। जो चीजें सामान्य नौकरी पेशा, छोटे व्यवसाय अथवा खेती की आय से प्राप्त की जा सकती है, उसके लिए सरकार के आसरे रहा जाए?

राजनीतिक दलों के चुनाव जीतने की महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए मुफ्तखोरी के वादे से संकट पैदा होते रहे हैं। सरकारों के 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने और किसानों के कर्जे माफ कर देने की घोषणाओं पर अमल ने यह हालत बना दी है कि जिन घरों में पहले से ही बिजली की खपत कम है, वहां भी निश्चिंततापूर्वक 200 यूनिट बिजली खर्च करने की लापरवाही बढ़ी है। लगातार कर्ज लेने वाले किसान मान कर चलने लगे हैं कि चुनाव बाद ये कर्जे माफ कर दिए जाएंगे। इससे राज्य सरकारों के बजट पर असर पड़ा है। आज हालत यह है कि देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 27 में वित्त वर्ष उनके ऋण अनुपात में 0.5 से 7.2 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। पंजाब तो अपने जीडीपी का करीब 53.3 प्रतिशत तक कर्ज ले चुका है। राजस्थान का यह अनुपात 39.8, पश्चिम बंगाल का 38.8, केरल का 38.3 और आंध्र प्रदेश का 37.6 प्रतिशत है। ये सभी राज्य राजस्व घाटा पूरा करने के लिए केंद्र सरकार से अनुदान लेते हैं। महाराष्ट्र और गुजरात जैसे आर्थिक रूप से मजबूत राज्य भी कर्ज-जीएसडीपी अनुपात 23 फीसदी और 20 फीसदी से गुजर रहे हैं।

राज्यों के आर्थिक हालात बताने के पीछे एक और तथ्य है कि केंद्र से मिलने वाली राशि का उचित उपयोग नहीं होता। प्राथमिक खर्चों की जगह कर्ज माफी की घोषणा पर अमल से इन राज्यों के आर्थिक हालात बदतर ही हुए हैं। अस्पताल और चिकित्सा के उपकरण, दवाइयों के अलावा स्कूली और स्वास्थ्य व तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र उपेक्षित हो रहे हैं।

ऐसे में सरकारों को चाहिए कि इस दिशा में केंद्र और न्यायालयों के कठोर रुख पर बेरुखी दिखाने की जगह स्वयं ही सकारात्मक सोच अपनाएं। आज बदतर होते आर्थिक हालात पर लोग श्रीलंका जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका जता रहे हैं। श्रीलंका में 2019 के चुनाव के पहले लोगों से वादा किया गया था कि उनके टैक्स आधे कर दिए जाएंगे। इस पर अमल से विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया। श्रीलंका के हालात खराब होने के पीछे खेती की पद्धति में अचानक बदलाव जैसे दूसरे कारण भी हैं। फिर भी टैक्स अचानक आधा कर देने से त्वरित प्रभाव पड़ा।

श्रीलंका के विपरीत स्विट्जरलैंड का उदाहरण भी है। वहां एक सर्वे में लोगों को न्यूनतम आय के रूप में भारतीय मुद्रा में करीब डेढ़ लाख रुपये देने की पेशकश की गयी। इसे स्विट्जरलैंड के लोगों ने नकार दिया। उन्होंने रोजगार की जगह बेरोजगारी भत्ता जैसी सुविधा के प्रति भी नकारात्मक रुख दिखाया। ऐसा रुख दिखाने वाले करीब 77 फीसदी लोग थे। वहां के लोग सरकार की दीर्घकालीन आर्थिक नीति के सुदृढ़ होने के बारे में सोच रहे हैं। उसके विपरीत हम यहां सब कुछ मुफ्त मिलने की इच्छा को और अधिक बलवान बना रहे हैं। निश्चित ही इससे भविष्य संकट की ओर ही जाएगा।

मुफ्त की घोषणाओं और चुनाव जीतने के बाद उस पर अमल से हमारे देश की संवैधानिक संस्थाएं पहले भी चिंतित हुईं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने 05 जुलाई, 2013 के एक अहम फैसले में चुनाव आयोग से कहा था कि वह राजनीतिक दलों से बात कर घोषणापत्रों के बारे में एक कानूनी गाइडलाइन तैयार करे। तब तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त वीएस संपत के नेतृत्व में राजनीतिक दलों की बैठक भी हुई। परंतु छह राष्ट्रीय दलों के साथ 24 क्षेत्रीय दलों में से सभी ने एक स्वर से घोषणापत्र पर अंकुश संबंधी योजना का विरोध किया। बाद में भी निर्वाचन आयोग ने चुनाव सुधार से जुड़े प्रस्तावों में घोषणापत्र को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाने की सिफारिश की। चुनावों में छह महीना रह जाने पर किसी भी सरकार की ओर से नई योजनाओं का ऐलान नहीं करने की राय भी दी गयी। यह भी सुझाव आया कि आयोग ऐसे घोषणापत्रों पर अंकुश लगा सकता है, जो निराधार हों और उन्हें पूरा करना संभव नहीं हो।

राजनीतिक पार्टियां चुनाव जीतने के लिए वादों की बौछार तो कर देती हैं, लेकिन इसका बोझ सरकारी खजाने पर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि टैक्सपेयर के पैसे का इस्तेमाल कर बांटी जा रहीं फ्रीबीज सरकार को 'दिवालियेपन' की ओर धकेल सकती हैं।इतना ही नहीं, पिछले साल आरबीआई की भी एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें मुफ्त की योजनाओं पर जमकर खर्च कर रही हैं, जिससे वो कर्ज के जाल में फंसती जा रही हैं।'स्टेट फाइनेंसेसः अ रिस्क एनालिसिस' नाम से आई आरबीआई की इस रिपोर्ट में उन पांच राज्यों के नाम दिए गए हैं, जिनकी स्थिति बिगड़ रही है। इनमें पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

दरअसल, संवैधानिक संस्थाएं देश की आर्थिक हालात के साथ नागरिकों की मुफ्तखोरी के बढ़ते स्वभाव से चिंतित होती रही हैं। हाल के दिनों में चुनाव और चुनाव बाद की ऐसी प्रवृत्ति में बढ़ोतरी चिंताजनक है। माना कि नागरिकों की ओर से दिया जाने वाला टैक्स जनता पर खर्च होना चाहिए। यहां अपने देश के पारंपरिक विचार को ध्यान में रखना होगा। सूरज के समुद्र, नदियों और जल संग्रह वाली इकाइयों से भाप के रूप में उनका अंश लेकर बादल और फिर बरसात के रूप में धरती को इसलिए दिया जाता है कि किसान खेती कर सकें, लोग पीने का पानी संग्रह कर सकें। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया होती है। एक ही बार जरूरत से ज्यादा बारिश भी कहर बरपा करती है। साइकिल, स्कूटी, मोबाइल फोन, लैपटॉप और टीवी जैसी वस्तुएं मुफ्त में देने और कर्जे माफ कर हम पीढ़ी-दर पीढ़ी लोगों को नकारा तो बना ही रहे हैं। साथ ही एक ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं जहां से लौटना मुश्किल हो सकता है।

# विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार



-रमेश सर्राफ धमोरा

## 1 जनवरी वैश्विक परिवार दिवस पर विशेष

-महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है।

दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। वैश्विक परिवार का अर्थ है वसुधैव कुटुम्बकम इसका मूल सिद्धांत यह है कि संपूर्ण मानवता एक परिवार है। इस विचारधारा के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी राष्ट्र, जाति, या धर्म से हो, एक ही व्यापक परिवार का हिस्सा है। इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व में सभी का समान महत्व है और हर किसी को समान सम्मान मिलना चाहिए। दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें। जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो। एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं। यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके। वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की। बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरूआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो। हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरूआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है। नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। आप वैश्विक शांति की दिशा में प्रयासों के बारे में कोई भी फिल्म देख सकते हैं। आज पूरी दुनिया में युद्ध का वातावरण बना हुआ है। कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है तो कई देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं। तीसरे विश्व युद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है। लोग एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। जरा जरा सी बात पर लड़ाई झगड़ा होने लगता है। ऐसे में वैश्विक परिवार दिवस हमारे लिए आशा की एक नई किरण लेकर आता है। इस दिवस से हमें पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में बनाने की प्रेरणा मिलती है। यदि हम वैश्विक परिवार दिवस की अवधारणा के अनुरूप एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना अपना कर काम करे तो दुनिया शांति के पथ पर चलने लगेगी और सही मायने में इस दिवस की सार्थकता भी सिद्ध हो सकेगी।

# नया वर्ष स्त्रियों के अधिकारों और सम्मान का वर्ष हो



संजीव ठाकुर


## महिलाओं को सशक्त,सक्षम बनाया जाए

नव वर्ष 2025 के आगमन पर केवल शुभकामनाओं और बधाइयों के संदेश का आदान-प्रदान और उत्सव ना होकर नया वर्ष स्त्रियों के संपूर्ण सम्मान तथा वास्तविक अधिकार देने का वर्ष होना चाहिए। नव वर्ष में स्त्री, बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए एक महती कार्य योजना तैयार कर उनका संरक्षण तथा उन्नयन निश्चित होना चाहिए। भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया है' यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता है' यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता है' नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था। विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है।

# मजदूरों को ले जा रहा पिकअप वाहन पलटा, 3 की मौत, 13 घायल

उज्जैन। महिदपुर रोड क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। 13 अन्य श्रमिक घायल हो गए। पिकअप वाहन से मजदूर डेलची से महिदपुर रोड रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी दौरान वाहन पलटने से हादसा हुआ। सभी घायलों को उज्जैन जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना मंगलवार सुबह 9.30 बजे डेलची-बंजारी मार्ग पर हुई। पिकअप वाहन में 35 से अधिक मजदूर सवार थे। ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटना हुई। महिदपुर रोड पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में कंचनबाई पति रामलाल, बलराम पिता रामलाल उम्र 15 साल, जशोदा पति गोवर्धन की मौके पर ही मौत हो गई। 13 घायल मजदूरों को जिला अस्पताल उज्जैन में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।











# मानीकलां हाल्ट पर करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं है किसी ट्रेन का ठहराव

## छह वर्ष से अधिक समय से नहीं हुआ किसी भी ट्रेन का स्टॉप

## जन प्रतिनिधियों से की मांग मानी कलां हाल्ट पर रूके ट्रेनें

**डॉ.इम्तिताज अहमद की रिपोर्ट**

जौनपुर( उत्तरशक्ति )। करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं है किसी ट्रेन का ठहराव जौनपुर जंक्शन से 22 किलोमीटर दूर मानीकलां हाल्ट का पहला शुभारंभ वर्ष 1957 में क्षेत्रीय जनता की सुविधाओं को देखते हुए मानी कला हाल्ट का शुभारंभ हुआ था।

हाल्ट पर वन एलवी, टू एलवी, वन एम वन,और टू एम एफ पैसेंजर ट्रेन का 18 दिया गया। परंतु आबादी बहुत कम होने के कारण ट्रेनों का 18 समाप्त कर दिया गया। परंतु आबादी की संख्या लगातार काफी अधिक हो जाने के कारण एवं गुरैनी स्थित विख्यात मदरसा में दो हजार की संख्या दूर एवं क्षेत्रीय बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ज्ञात हो कि जब 2002 को फैजाबाद वाराणसी रूट से गुजर रही श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन मानीकलां पर हादसे का शिकार हो गई थी। जिसमें कई लोगों की मौत भी हुई थी। ऐसे में 2 किलोमीटर पर स्थित गुरैनी मदरसा के जांबाज बच्चों ने हादसा स्थल पर पहुंचकर बचाव



कार्य किया था। जिसके कारण तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार मौके पर पहुंचे थे और मदरसे के लोगों के काम को देखकर सराहना भी की थी इस समय मदरसा के नाजिम और स्थानीय ग्रामीणों के आग्रह पर रेल मंत्री ने मानी कलां हाल्ट पर पैसेंजर ट्रेनों के पुनः ठहराव और हाल्ट का नवीनीकरण का आश्वासन भी दिया था। हादसे के 10 दिन बाद 22 मई से हाल्ट पुनः आरंभ कर दिया गया। और लखनऊ वाराणसी के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव और सुनिश्चित किया गया। मानीकलां हाल्ट का नवीनीकृत किए जाने के बाद 13 जुलाई 2002 को तत्कालीन रेल महाप्रबंधक ने उद्घाटन भी किया। तभी से पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव मानी कलां हाल्ट पर लगातार होता रहा। इसी बीच




किसी कारणवश वर्ष 2017 के बाद पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन इस रूट से बिल्कुल पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया। जिससे मानी कलां, गुरैनी, भुड़कुडहा, मवई, सोगर, अमरेथुआ, भदैनी, बरंगी, लखमापुर, गयासपुर नोनारी,समेत दर्जनों गांव के लोगों के लिए ट्रेन से यात्रा करना मुश्किल हो गया है। और मानी कलां हाल्ट मात्र पैसेंजर के लिए शोपीस स्टेशन रह गया है। क्षेत्र के नवयुवक एवं आम जनमानस ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से बढ़ती आबादी का बढ़ रहे समस्याओं से अवगत कराया। और मानी कला हाल्ट पर करोड़ों की लागत से स्थापित स्टेशन की सुविधाओं के बीच ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। जिससे आवागमन शुलभ हो सके ग्रामीणों ने लगाई उत्तरशक्ति न्यूज से गुहार- अनवारुद्दीन, लुकमान अहमद, फिरोज अहमद, रियाजुद्दीन, रेहान अहमद, राजीव कुमार बौद्ध, विरेंदर कुमार, जमशेद अहमद, हाजी रिजवान, कमालुद्दीन ज़िला पंचायत सदस्य, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, मोहम्मद आमिर सिद्दीकी, राजकुमार मोदनवाल, दीपक प्रजापति, सुशील मोदनवाल, रामनाथ सोनकर, मोनू प्रजापति, राजेश गुप्ता, गोलू मोदनवाल, अनिका प्रसाद, विरेन्द्र कुमार, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद अहमद, बिस्मिल्लाह, मोहम्मद अशहद, अमजद खान, अल्ताफ अहमद, अब्दुल माजिद, राजन मोदनवाल, ज्ञान कुमार, ओमलाल चौरसिया, संदीप, रेहान अहमद आदि ग्राम वासी।

# चीन से उड़ी पतंग दुनिया पर छाई, बहुत ही रोचक है पतंगों का इतिहास

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कहते हैं हर त्योहार की अपनी कुछ खासियत होती है।वही खासियत उस त्योहार को विशेष बना देता है। जैसे होली के लिए रंग, दीपावली के लिए पटाखे, ईद के लिए सेवई तथा क्रिसमस के लिए केक। ठीक उसी प्रकार नये वर्ष में मनाया जाने वाला पहला त्योहार खिचड़ी, जिसको अनेकों नामो से जाना जाता है जैसे उत्तरायण,मकरसंक्रांति, खिचड़ी संक्राति, पोंगल आदि। इस त्योहार की एक विशेष बात होती है कि इस दिन सभी आयु वर्ग के लोग पतंगबाजी का आनंद जरूर लेते हैं। मगर क्या आपको पता है इस हवा में उड़ते बेजाऩ कागज के परिंदों का इतिहास? इंसान ने जब परिंदों को आकाश में उड़ते देखा तो उसके मन विचार आया कि क्यों न कागज के टुकड़ों को भी आकाश में उड़ाया जाए। बस यही से पतंग की उत्पत्ति शुरू हुई और मनोरंजन, कला और संस्कृति का हिस्सा बन गयी। पतंग का इतिहास लगभग 2000 साल पुराना बताया जाता है जिसकी शुरूआत चीन के शानडोंग नामक शहर में हुआ था इसे पतंगों का घर भी कहा जाता है?। 549 ईसवी कागज की पतंगों को उड़ाया जाने लगा उस समय इसका इस्तेमाल संदेश भेजने में किया जाता था। एक मान्यता के अनुसार भारत में पतंग लाने का श्रेय चीनी यात्री हीनयान और व्हेनसांग को जाता है। 1898 से 1933 तक संयुक्त राज्य मौसम ब्यूरो ने मौसम के अध्ययन के लिए पतंग केंद्र बनाए थे जहाँ से मौसम संबंधित अध्ययन किए जाते थे। यदि इस कागज के परिंदों के बाजार की बात की जाए तो यह करोड़ों का कारोबार करता है जिसके लिए गुजरात, और उत्तर प्रदेश के बहुत से जिलें मशहूर हैं। बरेली, अलीगढ़, रायपुर, मुरादाबाद, और लखनऊ में तैयार पतंग, डोरी और मांझे लगभग पूरे भारत में सप्लाई किए जाते हैं। गुजरात में मकरसंक्रांति पर मनाया जाने वाला उत्तरायण पर्व पर पतंग महोत्सव में तो पूरी दुनिया से लोग अपनी पतंग का प्रदर्शन करने आते हैं। पतंग बाजी का जुनून केवल भारत में ही नहीं बल्कि पुरी दुनिया में हैं। इसके लिए एक विशेष दिन का चयन किया जाता है जिस दिन पतंगबाजी की जाती है जैसे आस्ट्रेलिया में फेस्टिवल ऑफ विड्स हर साल सितम्बर महीने में मनाया जाता है। चीन के वेईफांग शहर में अप्रैल महीने में काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है मान्यता यह है कि पतंग को देखने से आखो की रोशनी तेज होती है। इसी तरह जापान में मई माह के पहले सप्ताह में हमामात्सु के शिजुका प्रांत में पतंगोत्सव का आयोजन किया जाता है। इंडोनेशिया के बाली काइट फेस्टिवल में 4-10 मीटर चौड़ी और 100 मीटर लम्बी पूंछ वाली पतंग उडाई जाती है। यदि भारत की बात की जाए तो मकरसंक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने का रिवाज है जिसके लिए अहमदाबाद और जयपुर में सबसे बडे.काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। पतंग बाजी में रिकॉर्ड 2005 में कुवैत के काइट फेस्टिवल में अब्दुल रहमान और फारिश ने दुनिया की सबसे बड़ी 25 मीटर लम्बी और 40 मीटर चौड़ी पतंग उड़ाई थी। 2006 में एक ही डोर से 43 पतंगों को एक साथ उड़ाने का रिकॉर्ड चीन के मा क्विगहुआसेट के नाम है। उसी तरह पुर्तगाल के फ्रेसिस्को लुफिन्हा के पास 862 किमी लम्बी काइट सर्फिंग का रिकॉर्ड दर्ज हैं। 2011 में यूनाइटेड नेशनल रिलीफ एंड वर्क एजेंसी ऑर्गनाइजेशन ने फिलीस्तीनी बच्चों के लिए गाजा स्ट्रिप के समुद्र तट पर 12350 पतंगे उड़ा कर रिकॉर्ड बनाया। 2014 में आस्ट्रेलिया के राबर्ट मूरे ने 4900 मीटर ऊची पतंग उड़ाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया है।

*स्त्रोतः- सामान्य ज्ञान की पुस्तक तथा मीडिया के विभिन्न स्त्रोतों से*

# जमीन विवाद के निस्तारण में लापरवाही बन रही जौनपुर में बवाल-ए-जान

## 40 वर्ष के जमीन विवाद में ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव की गला काटकर हत्या

- **जमीन विवाद में अधिवक्ता मनोज कुमार की पीटकर हत्या**
- **पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या**

शिव कुमार प्रजापति

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला और तहसील प्रशासन की लापरवाही के चलते जिले में वर्ष 2024 में जमीन विवाद में हत्याकांड अधिक हुए हैं। अफसरों के निर्देश के बाद भी कानूनगो और लेखपाल पैमाइश और पत्थर नसब कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसका नतीजा है कि आए दिन जमीन के विवाद में खून बह रहा है। जमीन के विवाद में राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर बगैर सुविधा शुल्क लिए कोई कदम नहीं उठाने के आरोप भी लगते हैं। जिससे भूमि विवादों का निपटारा नहीं हो पा रहा है।जबकि जमीन विवाद का निपटारा तुरंत करना थोड़ा मुश्किल होता है। जो व्यक्ति शिकायत करता है, वह सिर्फ अपना पक्ष ही रखता है। जब तक दोनों पक्षों को न सुना जाय, तब तक वास्तविकता समझना मुश्किल होता है। राजस्ववादों को निबटाने के लिए ही तहसील दिवस,थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, मगर कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंचकर न तो समाधान कराना चाहता है और न ही कोई एक्शन लेना चाहता है।



सिर्फ आख्या का दौर ही चलता रहता है। जिसके कारण जिले में राजस्ववादों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा है। जिले में होने वाली आपराधिक घटनाओं में हर तीसरा मामला जमीन से जुड़ा होता है। भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जा, हिस्से के बंटवारे को लेकर विवाद कभी-कभी गंभीर रुप धारण कर लेते हैं। और हत्याकांड की खबर आम जनमानस को भय में डाल देती है। वर्ष के शुरूआती माह में ही जमीन के विवाद में भतीजे ने बड़े पिता की हत्या करने के बाद जनपद में सनसनी फैल गई थी मड़ियाहू कोतवाली स्थित नई गंज चौराहे की पास संजय सिंह उर्फ मुन्ना पर हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया था। जिसका कारण जमीनी विवाद बताया गया। जनपद जौनपुर के तहसील बदलापुर, जौनपुर (सदर), केराकत, मछलीशहर, मड़ियाहूं , शाहगंज. है जिन में औसतन राजस्व वादों की संख्या का निपटारा लंबे वर्षों से पेंडिंग होने के कारण नाली विवाद जमीन कब्जा सहित छोटे विवादों के कारण आपसी रंजिश बढ़ रहे हैं और आए दिन मारपीट हत्याओं का दौर जारी है ऐसे में न्याय पालिका पर भरोसा आम जनमानस का कम होता देखा जाता है। आशुतोष हत्याकांड सबरहद शाहगंज के बाद कुछ ही दिनों में सरकारी संपत्ति का विवाद खत्म कर तहसील प्रशासन ने भूमि पर कब्जा करते हुए नोटिस एवं सरकारी भूमि का बोर्ड लगा दिया। ऐसे में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जिस भूमि के लिए हत्याएं भी हो जाती हैं। परंतु मुकदमा समाप्त नहीं होता। ऐसे में कैसे कुछ ही दिनों में मुकदमा का निस्तारण होता है । आइजीआरएस जैसी मुख्यमंत्री शिकायत प्रणाली को अपने निस्तारण रिकॉर्ड से प्रदेश में अवार्ड हासिल करने वाली जौनपुर की सरकारी तंत्र आखिर हत्याओं को रोकने में क्यों असफल हो जाती है। ऐसी में प्रदेश के प्रशासनिक अमलें को भी गोपनीय विश्लेषण करना चाहिए। परंतु पुलिस विभाग हो या प्रशासनिक काफी अमलीजामा हो हल्ला के बाद कार्पेट पर निरीक्षण करने पहुंचती है। जहां पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच आईजी डीएम जैसी सर्वोच्च अधिकारियों से फरियादी दूर-दूर से दर्शन भी नहीं कर पाते। और अधिकारी चौकीदार सफाई कर्मी क्लर्क पर अपनी गाज गिराकर कर इतिश्री कर लेते हैं। और विज्ञापन की दुनिया में दूसरे दिन व्यावसायिक प्रतिष्ठित न्यूजो में औचक निरीक्षण का न्यूज वायरल देखा जाता है। और फरियादी मायूस नजर आते हैं।

# मानीकलाँ का राजकीय यूनानी चिकित्सालय हुआ जर्जर

## जान जोखिम में डालकर चिकित्सक कर रहे इलाज

**आफताब आलम की रिपोर्ट**

मानीकलां,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राजकीय यूनानी चिकित्सालय कई साल से बदहाली का आंसू बहा रहा है। चिकित्सालय में बिजली, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं का अभाव है। स्थिति यह है कि काफी जीर्णशीर्ण हो चुके ।चिकित्सालय भवन के छत के नीचे बैठकर चिकित्सक और कर्मचारी


रिपोर्टर आफताब आलम

जान को जोखिम में डालकर काम करते हैं। ग्रामीणों ने बताया इस अस्पताल की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया यहां वर्ष 1980-82 में जब राजकीय यूनानी चिकित्सालय की स्थापना कराई गई तो क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की आस जगी। लेकिन, विभागीय उपेक्षा के चलते लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। भवन के जर्जर होने के कारण चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों को हमेशा अनहोनी की आशंका सताती रहती है। इस कारण वह अंदर बैठने में डरते हैं। अस्पताल परिसर में शुद्ध पानी की व्यवस्था तक नहीं है। परिसर में हैंडपंप तो लगा है लेकिन उससे दूषित पानी निकल रहा है। मरीजों को शुद्ध पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। अस्पताल में एक अदद शौचालय भी नहीं है।चारदीवार के अंदर आसपास के कई लोग अस्पताल की जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर अस्पताल की मरम्मत नहीं की गई तो किसी हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है ।इस मौके पर राजकुमार मोदनवाल, दीपक प्रजापति, सुशील मोदनवाल, रामनाथ सोनकर, मोनू प्रजापति, राजेश गुप्ता, गोलू मोदनवाल अनिका प्रसाद, विरेन्द्र कुमार, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद अहमद, बिस्मिल्लाह, अमजद खान अल्ताफ अहमद, माजिद, राजन मोदनवाल, ज्ञान कुमार,ओमलाल चौरसिया, अब्दुल्लाह उर्फ (डम्पी) मोहम्मद ताहिर, नौशाद अहमद, अरशद खान, नियाज खान, संदीप जयसवाल, राजू जयसवाल बबलू जयसवाल आदि ग्राम वासियों ने जर्जर अस्पताल का निर्माण कराने की माँग की है।






















# गृह मंत्री अमित शाह के असंवैधानिक बयान पर इंकलाबी नौजवान सभा ने किया पुतला दहन

हिलसा (नालंदा) (नवशक्ति)। इंकलाबी नौजवान सभा ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए असंवैधानिक और गैर-जिम्मेदाराना बयान के विरोध में हिलसा प्रखंड के विभिन्न गांवों में पुतला दहन किया। यह कार्यक्रम राज्यव्यापी विरोध के तहत आयोजित किया गया।

अकबरपुर पंचायत में विरोध प्रदर्शनः प्रदर्शन का नेतृत्व इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड सचिव ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद ने किया। अकबर, सरिस्ता नगर, और कृष्ण बीघा सहित कई गांवों में दर्जनों युवाओं और महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने ₹बाबा साहब अंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹, ₹गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दो₹, ₹संविधान को कमजोर करने की साजिश बंद करो₹ जैसे नारों के साथ विरोध जताया।

गृह मंत्री के बयान पर आक्रोशः पुतला दहन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद ने कहा कि जिस संविधान के कारण संसद में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे पद हैं, उसी संविधान के निमार्ता डॉ. अंबेडकर पर अपमानजनक बयान देना संसद की आत्मा का अपमान है। उन्होंने भाजपा सरकार पर दलितों, मजदूरों और किसानों के खिलाफ षड्यंत्र रचने का भी आरोप लगाया।

2025 विधानसभा चुनाव में सत्तापक्ष को उखाड़ने की



चेतावनीः ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भाजपा सरकार को समर्थन देकर दलितों और पिछड़ों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी 2025 विधानसभा चुनाव में गरीब, दलित, मजदूर और किसान भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे।

प्रदर्शन में शामिल वक्ताः पुतला दहन के दौरान सभा को जिला कमेटी सदस्य वाल्मीकि प्रसाद, कमलेश पासवान, संतोष पासवान, राहुल कुमार, सुदर्शन कुमार, सूरज कुमार, सोनू कुमार, गोल्डन कुमार, उदय कुमार और अमित कुमार ने भी संबोधित किया। इंकलाबी नौजवान सभा ने साफ किया कि डॉ. अंबेडकर के प्रति कोई भी असम्मानजनक रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

# गोखुलपुर में 150 पशुओं का टीकाकरण, जागरूक भी किया गया

हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)। स्थानीय प्रखंड गोखुलपुर गांव में सोमवार को कैंप लगाकर 150 पशुओं का टीकाकरण किया गया। यह कैंप जिला पशुपालन के सौजन्य एवं कृषि विज्ञान केंद्र हरनौत के नेतृत्व में लगा।

उक्त गांव जलवायु अनुकूल कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार कार्यक्रम (निक्रा) के तहत चयनित है। कैंफ में गलाघोंटू व लंगड़ी बीमारी से बचाव के लिए गाय व भैंसों को टीके लगाये गये। साथ ही पशुओं की देखरेख को लेकर पशुपालकों को जागरूक भी किया गया। पशुओं को किसी तरह की बीमारी होने पर तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई। कहा गया कि थोड़ी सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र( केवीके) के पशु चिकित्सा



विशेषज्ञ डॉ. विद्याशंकर सिन्हा ने बताया कि सरकारी स्तर से राज्यभर में अभियान चलाकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। उसी अभियान के तहत नेहुसा में 62 पशुपालकों के 84 भैंस एवं 66 गाय को टीकाकरण करवाया गया है। जिसमें जनरल कैटेगरी के 39 व अनुसूचित जाति के 23 लाभुक थे। वहीं पशुपालकों को बताया गया कि यदि कोई पशु रोग से ग्रसित हो तो उसका जूठा स्वस्थ पशु को खाने या पीने नहीं दें। बीमार पशु से स्वस्थ पशुओं को दूर व सुरक्षित रखें। क्योंकि ये रोग संक्रमण से फैलते हैं।कैंप में प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजीत प्रसाद सिन्हा, कल्याणबिगहा के डॉ ?राजेश कुमार ,विवेक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## बिहारशरीफ में नालंदा ब्लड ग्रुप लगाएगा नेकी की दीवार, जरूरतमंदों की होगी मदद




संजय कुमार/बिहारशरीफ(नवशक्ति)। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की मदद के लिए नालंदा ब्लड ग्रुप ने एक बार फिर ह्यनेकी की दीवार लगाने का फैसला किया है। इस अभियान के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने के लिए गर्म कपड़े उपलब्ध कराए जाएंगे। नालंदा ब्लड ग्रुप के उपाध्यक्ष गिलानी आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले भी नेकी की दीवार लगाई गई थी, जिससे करीब 500 लोगों को लाभ मिला था। कैसे काम करेगा यह अभियान नालंदा ब्लड ग्रुप ने बिहारशरीफ के निवासियों से अपील की है कि अगर उनके पास गर्म कपड़े हैं जो छोटे हो गए हैं या जिन्हें वे उपयोग में नहीं ला रहे हैं, तो वे इन्हें धोकर और आयरन करके अपने घर पर रखें। इसके बाद कपड़े देने के लिए नालंदा ब्लड ग्रुप के हेल्पलाइन नंबर 8125147042 पर संपर्क करें। ग्रुप के सदस्य आपके घर से ये कपड़े लेकर उन्हें नेकी की दीवार पर लगाएंगे। शर्मिंदगी से बचाएगा यह प्रयास गिलानी आलम ने बताया कि यह दीवार उन लोगों के लिए खासतौर पर मददगार होगी, जो सार्वजनिक रूप से मांगने में हिचकिचाहट महसूस करते हैं। ऐसे लोग रात के अंधेरे में यहां से गर्म कपड़े ले जा सकते हैं और उनका उपयोग कर सकते हैं। 24 घंटे में उठाई जाएगी सामग्री टीम ने कहा है कि जिन लोगों के पास देने के लिए कपड़े हैं, वे अपना पता हेल्पलाइन नंबर पर भेजें। टीम के सदस्य 24 घंटे के भीतर कपड़े एकत्र कर लेंगे। अभियान का उद्देश्य सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराना है ताकि कोई भी ठंड से परेशान न हो। आपकी छोटी मदद से किसी की बड़ी समस्या का समाधान नालंदा ब्लड ग्रुप ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि आपके द्वारा दिया गया एक छोटा सा प्रयास किसी जरूरतमंद के लिए बड़ा सहारा बन सकता है। इस नेक काम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज के कमजोर वर्ग की मदद करें। हेल्पलाइन नंबरः 8125147042 आयोजकः नालंदा ब्लड ग्रुप सम्पर्क करें और इस मुहिम का हिस्सा बनें।

## जिला निबंधन परामर्श केंद्र का योजना पदाधिकारी बांका द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

कटोरिया/बांका ( विजय आनंद)। सोमवार को जिला पदाधिकारी बांका अंशुल कुमार के निदेर्शानुसार आज जिला योजना पदाधिकारी, बांका बबन कुमार के द्वारा जिला निबंधन परामर्श केंद्र बांका का औचक निरीक्षण किया गया तथा साथ ही साथ प्रबंधक रजनीश राज एवं अन्य कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में कम आवेदन आने पर खेद प्रकट किया गया तथा साथ ही मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए सभी २६ङ्क को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता में ड्रॉप आउट १३ङ्क को कम करने के लिए सभी आवेदक से दूरभाष के माध्यम से संपर्क संपर्क स्थापित कर सूचित करने के लिए कहा गया। विभाग के द्वारा 318 आवेदक का आधार सीडिंग करने के लिए कहा गया है जिसे जिला योजना पदाधिकारी ने सभी आवेदकों को सूचित करने के लिए कहा। स्वयं सहायता भत्ता में बहुत सारी आवेदक अभी भी कुशल युवा कार्यक्रम का लाभ नहीं ले चुके हैं जिसे योजना पदाधिकारी ने जल्द से जल्द लाभ दिलवाने के लिए प्रबंधक डीआरसीसी को आदेशित किया। बैठक में डीआरसीसी पदाधिकारी वली इमाम खान, संजय सुमन एवं प्रीति कुमारी थी ?

## आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर भाजपा प्रवक्ता ने व्यक्त की गहरी संवेदना

बिहारशरीफ (नवशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता धीरेन्द्र रंजन ने धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल न केवल एक व्यक्तित्व थे, बल्कि अपने आप में एक संस्था थे। बिहार के सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक क्षेत्र में उनके योगदान को युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

धीरेन्द्र रंजन ने कहा, ₹आचार्य किशोर कुणाल ने अपने जीवनकाल में समाज के लिए अतुलनीय कार्य किए। महावीर मंदिर, पटना, महावीर कैंसर अस्पताल, महावीर वात्सल्य अस्पताल और अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य के रूप में उनका योगदान अमूल्य है। बिहार के लिए वह इस सदी के महामानव थे, जिन्होंने मानव सेवा और समाज सुधार के लिए अपने जीवन को समर्पित किया।₹

उन्होंने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल के निधन से प्रशासनिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों में एक अपूर्णीय क्षति हुई है। उनका जाना एक ऐसी शून्यता छोड़ गया है, जिसे भरना असंभव है।

धीरेन्द्र रंजन ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल की विरासत सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

# विज्ञान प्रदर्शनी मेला का भव्य आयोजन, प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित

इस्लामपुर (नालंदा) (नवशक्ति)। इस्लामपुर नगर स्थित गांधी मेमोरियल खानकाह हाई स्कूल +2 विद्यालय में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हिलसा अनुमंडल के इस्लामपुर डीएसपी गोपाल कृष्णा और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) शहनवाज ने संयुक्त रूप से किया।

छात्रों में मानसिक विकास और प्रतिभा को निखारने का मंच

उद्घाटन के दौरान डीएसपी गोपाल कृष्णा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के मानसिक विकास में सहायक होते हैं। वहीं, डीपीओ शहनवाज ने विज्ञान प्रदर्शनी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा उजागर होती है और



अनुसंधान के प्रति उनकी रुचि बढ़ती है।

विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष एजाज अहमद ने विज्ञान प्रदर्शनी की सराहना करते हुए सुझाव दिया कि साहित्य, संस्कृत और अन्य विषयों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए।विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों की अनोखी प्रस्तुतियां प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। इसमें खुशी ग्रुप ने फैक्ट्री प्रोजेक्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जमा ग्रुप ने टॉय ट्रेन में दूसरा स्थान और फौजिया ग्रुप ने ह्यूमन बॉडी मॉडल के लिए तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने किया संबोधित इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, राजस्व पदाधिकारी अंतरिक्ष दीप, विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव सैफुद्दीन अब्दाली और प्रधानाध्यापक संजय कुमार राय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और इसे निरंतर जारी रखने की अपील की।

शिक्षकों और अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम में शिक्षक पार्थ सारथी, नितिश कुमार, मोईन उद्दीन चिश्ती, भरत भूषण प्रसाद, एकराम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और अतिथि मौजूद रहे। विज्ञान प्रदर्शनी मेला ने छात्रों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। इस आयोजन ने विद्यालय में नई ऊर्जा का संचार किया और शिक्षा के साथ अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

## विशिष्ट शिक्षकों को राज्यकर्मी बनने का योगदान पत्र वितरण



बिहारशरीफ(नवशक्ति)। प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) साठोपुर में सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को राज्यकर्मी के रूप में नियुक्ति पत्र और योगदान पत्र का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अब्दुल मन्नान , लेखा सहायक रंजन कुमार, बीआरपी साहिल कुमार, गौतम कुमार और विमल मुकेश कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

विशिष्ट शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे 1 जनवरी 2025 से राज्यकर्मी के रूप में कार्य प्रारंभ करेंगे और 7 जनवरी 2025 तक अपने मूल विद्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करें। वर्ग एक से पांच तक कुल 246 पत्र का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को उनकी जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई।

# आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर इस्लामपुर में शोक सभा आयोजित

इस्लामपुर (नालंदा) (नवशक्ति)। स्थानीय नगर के श्री अयोध्या ठाकुरबाड़ी में सोमवार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के पूर्व प्रशासक और भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा का संचालन अधिवक्ता अनिल कुमार ने किया।

आचार्य किशोर कुणालः एक महान विचारक और सुधारक शोकसभा को संबोधित करते हुए रवि सिंह ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल एक महान विचारक और सुधारक संत थे। उन्होंने समाज से जात-पात का भेदभाव मिटाने का प्रयास किया और अपने विचारों से लोगों को प्रेरित किया। उनका योगदान अयोध्या, काशी, वृंदावन और



अन्य धार्मिक स्थलों के साथ-साथ मानवीय और धार्मिक मानकों के क्षेत्र में अद्वितीय था।

गरीबों के लिए अपूरणीय क्षति सिद्धपीठ श्री दुर्गा पूजा बड़ी देवी प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. उमेश प्रसाद ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल का निधन देश और प्रदेश के गरीबों के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने नौ चैरिटेबल अस्पतालों का निर्माण कर गरीबों की सेवा की, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत वार्ड पार्षद गुड्डू सिंह ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे। उनके असामयिक निधन से समाज को गहरी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति शोकसभा में पुजारी पुरुषोत्तम जी, वार्ड पार्षद सुनील कुमार, राजेश खन्ना, वीरेंद्र कुमार, बृजमोहन केशरी, उजाला सोनी, कृष्ण कुमार, नंदकिशोर पांडेय, अशोक सिंह, धन्नु राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आचार्य किशोर कुणाल के योगदान को याद करते हुए सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उनका जीवन और कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

# अज्ञात चोरों ने महेशमारा गांव के 4 घरों में दिया चोरी की घटना को दिया अंजाम

कटोरिया/बांका(विजय आनंद)। सुईया थाना क्षेत्र के महेशमारा गांव में रविवार रात अज्ञात चोरों ने 4 घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी। चोरों ने गांव के मणिकांत सिंह के घर में लोहे की ग्रिल का ताला तोड़कर 38 हजार रुपए नगद एवं कीमती समान की चोरी कर ली। वहीं सुबोधचंद्र सिंह के घर में पीछे के कमरे से घुसे और घर में रखे गोदरेज का ताला तोड़कर पैसे एवं जेवरात की चोरी की। साथ ही बगल कमरे में रखे दो बक्से को साथ ले गए। चोरों ने घर से थोड़ी दूरी पर बक्से को तोड़कर उससे पैसे व अन्य कीमती चीजें निकाल ली तथा कपड़ा सहित बक्से के अन्य सामान को मौके पर ही फेंक दिया। वहीं उमेश चंद्र सिंह के घर के कमरे के अंदर घुसकर बक्से में रखे 3500 रुपया नगद एवं कपड़े की चोरी की। जबकि विपुल सिंह के घर में घुसकर 2800 रुपए की चोरी की। बताया



गया कि विपुल सिंह की नींद खुलने पर उन्होंने हो हल्ला किया। इस दौरान चोर ने गृहस्वामी पर ईंट से हमला भी किया। हालांकि पकड़े जाने की डर से सभी चोर मौके से भाग गए। इधर ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी सुईया पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसडीपीओ बेलहर राजकिशोर कुमार, थानाध्यक्ष विशाल कुमार सदलबल मौके पर पहुंचे तथा मामले की छानबीन की। साथ ही घटना की छानबीन के लिए पुलिस द्वारा भागलपुर से डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाया गया। डॉग स्क्वॉड टीम को कुत्ता अपने साथ पंजरपट्टा जंगल तक ले गया। पुलिस ने आसपास के टोले में भी छानबीन की। हालांकि घटना में अब तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल सकी है। इस संबंध में एसडीपीओ बेलहर राजकिशोर कुमार ने बताया कि पुलिस की छानबीन जारी है। जल्द मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

# मयूर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय बाल मेला महोत्सव संपन्न

जहानाबाद। जिले के काको प्रखंड स्थित मयूर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय बाल मेला महोत्सव संपन्न हो गया। यह बाल मेला प्रतिवर्ष दिसबंर के महीने में विद्यालय द्वारा आयोजित की जाती है। इस महोत्सव में बच्चों द्वारा विज्ञान और कला प्रदर्शनी तथा विभिन्न प्रकार के लजीज व्यजनों के स्टॉल लगाये गए थे। इस महोत्सव का उद्घाटन उदय कुमार जेल सुपरिटेंडेट, मंडल कारा काको के द्वारा किया गया। मुख्या अतिथियों ने बच्चों द्वारा लगाए गये विज्ञान और कला प्रदर्शिनियों का अवलोकन किया तथा बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का लुप्फ भी उठाया। मानवीय गतिविधियों से पर्यायवरण पर जो प्रतिकूल प्रभाव या जो नुकसान हो रहे हैं उससे कैसे बचा जा सकता है। इसी थीम पर बच्चों के द्वारा मॉडलो का निर्माण किया गया था। जल सरंक्षण कैसे करें, गंदे जल को कैसे पुनः फिल्टर कर उपयोग में कैसे लाया जा सकता है ये बच्चों द्वारा बताया गया। ऊर्जा के नवीकरण स्त्रोत जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइड्रो इलेक्ट्रिक का उपयोग कर कैसे प्रदूषण से बचा जा सकता है और ऊर्जा की कमी को पूरा किया जा सकता है इससे संबंधित मॉडल भी दिखए गये। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहन, नृत्य, गीत एवं नाटकों का भी मंचन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नवमीं एवं दसवीं वर्ग की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान से किया गया। दहेज प्रथा उन्मुलन के लिए भी वच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से समाज को जागरूक किया गया। भगवान



भोले नाथ एवं माता पार्वती ने भी दो बीघा जमीन गाने पर लोगों का मन मोह लिया। चाँद वाला मुखडा लेके, देवाश्री गणेशा, बोल चुड़िया, आज नाचले आदि नृत्यों पर बच्चों ने मनोरंजक प्रस्तुति दी। छात्रों के द्वारा लिट्टी चोखा, बर्गर, पानी पुरी, कटलेट, ब्रेद पकौड़ा, मंचुरियन, मोमो फ्रूट स्टॉल, गुलाब जामुन आदि लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए। विद्यालय के निदेशक शशिकांत कुमार ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के अयोजन से बच्चों में चदुमुखी प्रतिभा का विकास होता है। विज्ञान एवं कला में अभिरूचि एवं देशी व्यंजनों को विदेशों में कैसे प्रमोट करें ये सारी बाते बताई। मुख्य अतिथियों में स्थानीय जिला पार्षद आदित्य कुमार, काको नगर पंचायत चेयरमैन राहुल रंजन, पैक्सअध्यक्ष श्री भगवान, पूर्व प्रमुख जितेश कुमार, मगध डायरी के कृष्णमुरारी जी, महर्षि विद्या पीठ के निदेशक साकेत रौशन, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र मोहन, पिंटू शर्मा आदि मैजूद रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में उपप्रार्चाय लाला हरेन्द्र कुमार, मुन्ना प्रसाद, अशोक कुमार सुदामा प्रसाद, अमित कुमार, वेदप्रकाश, सोनी कुमारी, संगीता कुमारी, रितु कुमारी, दिलरूबा, फिजा फातमी, लक्ष्मी कुमारी, पंकज कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मनमोहन सिंह को मिलना चाहिए भारत रत्न, तेलंगाना विधानसभा ने पारित किया प्रस्ताव

**तेलंगाना।** प्रस्ताव के समर्थन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सिंह को आधुनिक भारत का मूक वास्तुकाररु कहा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधानसभा एक अलग प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए एक स्मारक स्थापित करने का आग्रह करे। चर्चा के बाद, प्रस्ताव को पार्टी लाइनों से परे सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया, साथ ही विधानसभा ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखा। हालाँकि,



विपक्ष के नेता के चन्द्रशेखर राव सत्र में शामिल नहीं हुए। रेड्डी ने सिंह की मृत्यु को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया और तेलंगाना की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार उनके योगदान की मान्यता में हैदराबाद के वित्तीय जिले में सिंह की एक प्रतिमा स्थापित करेगी। प्रस्ताव के समर्थन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सिंह को आधुनिक भारत का मूक वास्तुकाररु कहा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधानसभा एक अलग प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए एक स्मारक स्थापित करने का आग्रह करे।











